**भारत सरकार/ GOVT OF INDIA**
**सीमाशुल्क आयुक्त (एन एस -II) का कार्यालय,**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (NS-II)**
**सीमाशुल्क मुंबई अंचल II , जवाहरलाल नेहरू सीमाशुल्क भवन, राजभाषा अनुभाग,**
**MUMBAI CUSTOMS, ZONE II, JAWAHARLAL NEHRU CUSTOM HOUSE,**
**न्हावा शेवा, उरण, जिला रायगड , महाराष्ट्र/ Nhava Sheva, Uran, Raigad, Maharashtra – 400707**

फाइल संख्या- CUS/20729/2025-P AND E-O/O COMMR-CUS-GEN-NHAVA SHEVA

## सीमाशुल्क मुंबई, अंचल- II, एन एस-II आयुक्तालय की जनवरी - मार्च 2026 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

सीमाशुल्क आयुक्तालय (एन एस-II), न्हावा शेवा की चौथी तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (OLIC) की बैठक दिनांक 20.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित की गई । बैठक में एन एस-II कार्यालय के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ।

| **क्रम संख्या** | **अधिकारियों के नाम सर्वश्री/श्रीमती/सुश्री** | **पदनाम / Designation** |
|---|---|---|
| 1. | गिरिधर जी पई | आयुक्त, सीमाशुल्क (एन एस-II) एवं अध्यक्ष |
| 2. | सचिन एस पगारे | उप आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 3. | शशिकांत बोरकर | उप आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 4. | पलनिवेल मुरुगेसन | सहायक आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 5. | संगीता अधिकारी | सहायक आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 6. | प्रशांत कुमार पाण्डेय | अधीक्षक (निवारक) |
| 7. | हंसराज मीना | अधीक्षक (निवारक) |
| 8. | सिद्धार्थ राव | अधीक्षक (निवारक) |
| 9. | सत्य प्रकाश | अधीक्षक (निवारक) |
| 10. | वैभव मीना | मूल्यांकक |
| 11. | पवन कुमार | निवारक अधिकारी |
| 12. | अंजली | निवारक अधिकारी |
| 13. | सचिन शर्मा | निरीक्षक |
| 14. | अमित डांगी | निरीक्षक |
| 15. | सौरभ मीना | निरीक्षक |
| 16. | शाश्वत सिंह | कनि. अनुवाद अधिकारी एवं सदस्य सचिव |

सदस्य सचिव के द्वारा उपस्थित अध्यक्ष महोदय एवं समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अनुमति के साथ बैठक की कार्रवाई आरंभ की गई ।

### दिनांक 08.12.2025 बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णयों की अनुपालन स्थिति

1. एन एस II आयुक्तालय में नवीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है एवं संयुक्त आयुक्त को राजभाषा अधिकारी का नामित किया गया ।

   **(कार्रवाई पूर्ण/Action completed)**

2. राजभाषा के प्रचार प्रसार हेतु राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित हिन्दी भाषा की श्रेष्ठ पुस्तकों की खरीद कर ली गई है और उसकी सूचना अधिकारियों को भी दे दी गई है ताकि वे इसका लाभ उठाएँ ।

   **(कार्रवाई पूर्ण /Action completed)**

3. एन एस II आयुक्तालय में फाइलों के सुगम संचालन हेतु राजभाषा चैनल का निर्माण किया गया ।

   **(कार्रवाई पूर्ण /Action completed)**

4. एन एस II आयुक्तालय के विभिन्न अनुभागों से हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट एवं संपर्क बनाए रखने के लिए राजभाषा संपर्क अधिकारी का नामांकन किया गया ।

**(कार्रवाई पूर्ण/Action completed)**

5. अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार एन एस II आयुक्तालय के सभी अनुभागों में आंतरिक राजभाषा निरीक्षण किया गया एवं नियमित प्रेषित की जाने वाली मासिक/तिमाही रिपोर्ट के प्रारूप एकत्र किए गए और उनका द्विभाषिक प्रारूप अनुभागों को दिया गया ।

**(कार्रवाई पूर्ण/Action completed)**

**<u>दिनांक 20.02.2026 को संपन्न OLIC बैठक में लिए गए निर्णय :-</u>**

**6 तिमाही रिपोर्ट का तुलनात्मक अध्ययन.** बैठक में विगत दो तिमाहियों की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई एवं हिन्दी का कार्य प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों का सुझाव दिया।

**(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, सभी अनुभाग)**

**7 नराकास की सदस्यता ग्रहण करने से संबंधित-** इस संदर्भ में कार्यान्वयन समिति को वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग एवं डीजीपीएम, नई दिल्ली से प्राप्त नराकास सदस्यता ग्रहण करने हेतु संबंधित पत्र के बारे में सूचित किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यता लेने हेतु अनुमति प्रदान की गई।

**(सूचनार्थ - सभी अनुभाग, एन एस-II)**

**8) हिन्दी कार्यशाला** - बैठक में जनवरी-मार्च तिमाही में आयोजित होने वाली कार्यशाला पर चर्चा की गई। उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुझाव दिया गया कि कार्यशाला हेतु अधिकारियों का नामांकन राजभाषा अधिकारी द्वारा किया जाए। इस विषय पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि नामांकित अधिकारी अनिवार्य रूप से कार्यशाला में भाग लें।

**(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस-II)**

**अन्य सुझाव :**

1) **विभिन्न अनुभाग हेतु राजभाषा संपर्क अधिकारी:** आयुक्तालय के राजभाषा संपर्क अधिकारी के स्थानांतरित होने के कारण अध्यक्ष महोदय ने पुनः राजभाषा संपर्क अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए ।

**(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस-II)**

2) **डॉक्स में आउटरीच कार्यक्रम:** अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिए कि डॉक्स स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिन्दी का आउटरीच कार्यक्रम रखा जाए ताकि वहाँ स्थानांतरित अधिकारी एवं कर्मचारी भी हिन्दी कार्यशाला का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें ।

**(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस-II)**

3) **फ़ाइलों का द्विभाषीकरण:** अध्यक्ष महोदय ने अन्य सुझाव दिए कि सीईएसी एवं सीपीपी अनुभाग में नेमी प्रकार कि फ़ाइलों का भी द्विभाषीकरण किया जाए जिससे पत्राचार प्रतिशत में और बढ़त हो सके।

**(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस-II)**

4) **सहायक निदेशक-राजभाषा पद के रिक्त पद को भरने के संबंध में :** समिति को सूचित किया गया कि कुल कार्मिकों की स्वीकृत संख्या (Sanctioned strength) के आधार पर 'एन एस -II आयुक्तालय' विशाल विन्यास वाला कार्यालय है और राजभाषा पदों से संबंधित निर्धारित मापदंडों के आधार पर एवं राजभाषा नीतियों के उचित अनुपालन एवं संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए इस कार्यालय में सहायक निदेशक - राजभाषा के पद को भरा जाना अति आवश्यक है। सचिव ने आयुक्त महोदय के द्वारा मुख्य आयुक्त कार्यालय को एक पत्र प्रेषित किए जाने का अनुरोध किया। अध्यक्ष महोदय ने इस विषय पर सहमति व्यक्त की एवं मुख्य आयुक्त कार्यालय के साथ मिलकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस-II)**

बैठक में अन्य कोई विषय शेष न होने के कारण अध्यक्ष महोदय तथा सदस्यों के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए बैठक पूर्वाहन 11:15 बजे सम्पन्न हुई ।

Digitally signed by
Shubh Agarwal
Date: 25-02-2026
11:20:21

**शुभ अग्रवाल**

**(संयुक्त आयुक्त, सीमाशुल्क)**